प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

25.04.2025 / प्रादेशिक समाचार / 11:00बजे

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि कृषि व बागवानी क्षेत्रों के सुदृढ़ीकरण पर दो हजार करोड़ रूपए खर्च किए जाएंगे। शिमला में एक बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा कृषि व बागवानी उत्पादों का प्रसंसकरण कर उनका विपणन करने के लिए बेहतरीन व्यवस्था विकसित की जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मिल्कफेड द्वारा मंडी, कुल्लू और शिमला जिले में एक सौ 20 स्वचालित और 32 डिजिटल दूध संग्रह इकाईयां स्थापित की गई हैं। उन्होंने कहा कि इस वर्ष एक लाख नए किसानों को प्राकृतिक खेती के अंतर्गत लाने का लक्ष्य रखा गया है और प्राकृतिक खेती करने वाले सभी किसानों को हिम परिवार रजिस्टर से जोड़ा जाएगा।

पहलगाम हमला

प्रदेश कांग्रेस जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मारे गए लोगों की आत्मा की शांति के लिए आज शिमला में कैंडल मार्च का आयोजन करेगी। हमारे शिमला संवाददाता ने बताया कि पार्टी द्वारा संविधान बचाओ रैली को स्थगित कर कैंडल मार्च किया जा रहा है।

——डिस्पैच——

अग्निहोत्री

इस बीच उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा है कि आतंकवाद पर राष्ट्रहित में उठाए गए हर निर्णय में पार्टी केंद्र सरकार के साथ है। ऊना में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने क्रॉस बॉर्डर टैररिज़्म के खिलाफ हमेशा स्पष्ट रूख अपनाया है। अग्निहोत्री ने कहा कि केंद्र सरकार समयबद्ध इस कायराना हरकत का उचित जवाब दे।

अनुराग ठाकुर

सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा है कि आतंकवाद व नकसलवाद के खिलाफ मोदी सरकार की नीति जीरो टॉलरेंस की रही है। उन्होंने कहा कि पहलगाम हमले की साजिश रचने वालों को उनकी कल्पना से भी बड़ी सजा मिलेगी। अनुराग ठाकुर ने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में देश के एक सौ 40 करोड़ लोग कंधे से कंधा मिलाकर केंद्र सरकार के साथ खड़े हैं।

पीएम—मन की बात

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 27 अप्रैल सुबह 11 बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश—विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की 121वीं कड़ी होगी। मन की बात कार्यक्रम में अपने विचार अथवा विषयों को लेकर लोग 25 अप्रैल तक प्रधानमंत्री को संदेश व सुझाव भेज सकते हैं। यह कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के पूरे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और न्यूज ऑन ए आई आर मोबाइल ऐप पर प्रसारित होगा।

उच्च न्यायालय

प्रदेश उच्च न्यायालय ने पुलिस अफसरों की नियुक्ति व पदोन्नति के लिए पुलिस स्थापना बोर्ड गठित करने पर जोर दिया है। एक मामले की सुनवाई के दौरान न्यायाधीश तरलोक सिंह चौहान और न्यायाधीश सुशील कुकरेजा की खंडपीठ ने कहा कि पुलिस स्थानांतरण व पोस्टिंग राजनेताओं की ओर से प्रभावित है। उन्होंने कहा कि राजनीतिक दखल से योग्य उम्मीदवारों की अनदेखी होती है और पक्षपात बढ़ता है। इसके अलावा न्यायालय ने पुलिस विभाग में सुधार के लिए कई महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए हैं।

विश्व मलेरिया दिवस

आज विश्व मलेरिया दिवस है। मलेरिया के बारे में जागरूकता बढाने और इस रोग पर नियंत्रण, रोकथाम तथा इसे पूर्ण रूप से समाप्त करने संबंधी उपायों को बढ़ावा देने के लिए विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा आयोजित वैश्विक पहल है। इस वर्ष मलेरिया दिवस की थीम है– मलेरिया का अंत, पुनर्निवेश, पुनर्कल्पना, पुनर्जागृति। इसका उद्देश्य मलेरिया उन्मूलन की दिशा में हुई प्रगति में तेजी लाने के लिए वैश्विक नीति से लेकर सामुदायिक कार्रवाई तक सभी स्तरों पर प्रयासों को फिर से सक्रिय करना है।

भाजपा महिला मोर्चा

प्रदेश भाजपा महिला मोर्चा ने प्रदेश सरकार पर महंगाई को बढ़ावा देने और प्रदेश की आर्थिकी को कमजोर करने का आरोप लगाया है। एक बयान में मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष वंदना योगी ने कहा है कि राज्य सरकार ने न्यूनतम बस किराए को पांच से दस रूपए बढ़ाकर जनता की परेशानी में और इजाफा किया है। उन्होंने कहा कि लोगों से जो वायदे किए थे उनको पूरा करने में राज्य सरकार नाकाम रही है।

पत्रकार वार्ता

आकाशवाणी शिमला के कॉन्फ्रेन्स हॉल में प्रसार भारती के ओटीटी प्लेटफॉर्म वेवज़ विषय पर आज एक पत्रकार वार्ता आयोजित की जा रही है। आकाशवाणी व दूरदर्शन के कलस्टर हैड व उपनिदेशक कश्मीर सिंह इस पत्रकार वार्ता को संबोधित करेंगे।